www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code : RAJHIN27802

वर्ष-1 अंक- 110 सागवाड़ा, सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

## ऊर्जा मंत्री भाटी ने बिजली निगम के एसई को किया एपीओ

### 4 दिन पहले विधायक घोघरा ने दिया था धरना

**डूंगरपुर।** ऊर्जा मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री भंवरसिंह भाटी ने बिजली निगम डूंगरपुर के चीफ इंजीनियर (एसई) गजराजसिंह मीणा को एपीओ कर दिया है। पत्रकारों के सवालों ओर विधायक की शिकायत के बाद प्रभारी मंत्री ने एसई को एपीओ में आदेश जारी किए है। भाटी ने चीफ इंजीनियर के एपीओ के आदेश कर सरकारी अफसरों को साफ संदेश दिया कि सरकार के विधायकों की अनसुनी और भ्रष्टाचार को किसी भी हाल में बर्दाश्त नही किया जाएगा। मंत्री के आदेशों के बाद एवीवीएनएल अजमेर के सेकरेट्री ने देर शाम को एक आदेश जारी करते हुए एसई गजराजसिंह मीना के एपीओ आदेश दिए हैं।

बता दें कि 16 दिसंबर को डूंगरपुर विधायक और यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गणेश घोघरा ने अपने समर्थकों के साथ एसई के सामने धरना दिया। इस दौरान विधायक गणेश घोघरा ने गांवों में अवैध बिजली कटौती के साथ लंबे समय से बिजली कनेक्शन नहीं होने को लेकर नाराजगी जताई थी। इतना ही नहीं विधायक ने बिजली कनेक्शन के नाम पर हो रही अवैध वसूली को लेकर भी आक्रोश जताया था और मामले की शिकायत मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक करने की चेतावनी दी थी। विधायक के धरने और प्रदर्शन के बाद एसई जीसी मीना ने मामले में विधायक को 15 दिन में कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। लेकिन इससे पहले ही उनको एपीओ करने का आदेश दे दिया है।

# पांच परिवारों पर 150 से ज्यादा लोगों ने किया हमला, 13 लाख के गहने औ एक लाख रुपए लूटे

## सीमलवाड़ा की घटना, 4 लोग घायल, पथराव से 7 वाहन क्षतिग्रस्त







**डूंगरपुर।** धंबोला थाना क्षेत्र के सीमलवाड़ा में रविवार रात पांच परिवारों पर 150 से ज्यादा लोगों ने हमला बोल दिया। लाठी-डंडे और तलवार से हमलाकर 13 लाख के गहने औ एक लाख रुपए लूटे गए। हमले में 4 लोग घायल हो गए। पथराव से 7 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद से कस्बे में माहौल गर्मा गया और तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने एहतियात के तौर पर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। बहुचर्चित फैजान हत्याकांड के आरोपियों से बदला लेने के लिए हमला किया गया था।सीमलवाड़ा कस्बे में 24 मार्च को फैजान हत्याकांड की घटना हुई थी। बहुचर्चित मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वहीं एक बाल अपचारी को डिटेन किया गया था। धंबोला थानाधिकारी ने बताया कि घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने बदला लेने की नीयत से रविवार रात को आरोपियों के घरों पर हमला कर दिया। 150 से ज्यादा हमलावरों ने हत्याकांड में आरोपी शहजाद खेराडा सहित उसके परिवार के 5 घरों पर हमला कर दिया। शहजाद खेराडा ने पुलिस को बताया कि 150 से ज्यादा हमलावर रात करीब 9 बजे बाद हाथों में लट्ठ, पत्थर, तलवारे लेकर उनके घरों पर पहुंच गए। उसके घर के साथ ही रज्जाक मजीद पटेल, यूसुफ बाबू, इब्राहिम सुलेमान खेराडा और हबीब मजीद मेघरजा के घरों पर जमकर पत्थर मारे। अचानक हुए हमले और पथराव से परिवार के लोग घबरा गए।हमलावरों ने घरों में लूटपाट करते हुए घरों से 25 तोला सोने के गहने, 1 लाख रुपए और घर का दूसरा सामान लूटकर ले गए। घरों के लोगों ने इधर-उधर छुपकर अपनी जान बचाई। हमलावरों ने घरों में खड़ी 1 कार, 2 स्कूटी और 4 बाइक पर भी लट्ठ-पत्थरों से वार कर तोड़ दिया। हमले में हबीब मजीद के सिर पर गंभीर चोंट आई है। वहीं, शहजाद सहित दो लोगों को मामूली चोंटे आई है। हमले व लूटपाट के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

### यह था मामला

24 मार्च को पीठ तालाब में फैजान (17) पुत्र इमरान साबलिया का शव मिला था। उसके हाथ-पैर व कमर पर पत्थर बंधे हुए थे और शरीर पर भी कई चोंटे थी। 6 दिन बाद ही 30 मार्च को पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी अब्दुल रज्जाक निवासी सीमलवाड़ा, शहजाद खेराडा निवासी सीमलवाड़ा, मणीलाल निवासी गेलन को गिरफ्तार किया था। वहीं मामले में एक बाल अपचारी को भी डिटेन किया गया था। हत्याकांड की यह वारदात प्रेम प्रसंग को लेकर बताई जा रही थी।

## खेड़ा कच्छवासा में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर शुरू



**गणेशपुर।** खेड़ा कच्छवासा में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्राणजीवन शाह थे। विशिष्ट अतिथि एसीबीईओ अजय जैन व आरपी चेतन लाल जैन व विक्रम चौबीसा थे। केआरपी हंसबाला परमार, नरेंद्र कुंवर झाला व संतोष बरंडा द्वारा संभागियों। को 6 दिन तक प्रशिक्षित किया जाएगा। सीबीईओ शाह ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। केआरपी हंस बाला परमार ने प्रथम सत्र में पंच बनाना, टोली, अलर्ट के आदेश एवं सावधान विश्राम संबंधित गतिविधियों करवाने की एवं द्वितीय सत्र में पंच के प्रयोग की जानकारी दी । संभागीयों द्वारा पंच के प्रयोग पर सामूहिक चर्चा के आयोजन की जानकारी दी। आरपी चेतन लाल जैन ने आभार व्यक्त किया। संचालन कांतिलाल कटारा ने किया।

## पाटीदार समाज खेल प्रबंध समिति की बैठक 21 को

सागवाड़ा। पाटीदार समाज खेल प्रबन्ध समिति एवं चौखला पाडवा की संयुक्त बैठक 21 दिसम्बर को शाम 4 बजे पाडवा में होगी। खेल समिति के सचिव महेश कुमार जसेला ने बताया कि बैठक में 29 व 30 दिसम्बर को पाडवा में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर चर्चा की जायेगी।

बैठक में पाडवा चौखले के सभी गांवों के प्रतिनिधि, खेल समिति के सदस्य तथा निर्णायक भाग लेंगे।

# पाटीदार समाज का परिचय सम्मेलन हुआ







**सागवाड़ा।** राजस्थान पाटीदार समाज के तत्वावधान में झालावाड़ में अखिल भारतीय पाटीदार समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन परमानंद पाटीदार के मुख्य आतिथ्य में तथा सुनील सचान की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि एलपी पटेल, जीडी पटेल, डायालाल पाटीदार, विष्णु पाटीदार, धीरज पाटीदार, ममता एस पटेल व डायालाल पाड़वा थे। बालमुकुंद पाटीदार ने स्वागत करते हुए कार्यक्रम का परिचय प्रस्तुत किया। राजस्थान में पाटीदार समाज का अपनी तरह का प्रथम युवक-युवती परिचय सम्मेलन में राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश तथा आंध्रप्रदेश के 203 युवक-युवतियों ने अपने माता-पिता के साथ भाग लिया। राजस्थान पाटीदार समाज के प्रांतीय प्रवक्ता हरिश्चंद्र अंबाडा ने बताया कि सम्मेलन में सभी युवक युवतियों ने मंच पर आकर अपनी योग्यता व्यवसाय निवास व जन्म तिथि बताकर परिचय प्रस्तुत किया। सम्मेलन में 47 युवक-युवतियों के जोड़ों ने अपने माता-पिता अभिभावकों तथा रिश्तेदारों की उपस्थिति में वैवाहिक रिश्ते को जोड़ा। सम्मेलन में जैविक कृषि कार्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित हुकुमचंद पाटीदार तथा भारत की प्रसिद्ध भजन गायक संगीता पाटीदार का आयोजन समिति की ओर से सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि परमानन्द ने कहा कि पाटीदार को दुनिया के साथ जुड़ना है तो शिक्षा रूपी शस्त्र को अपनाना पड़ेगा क्योंकि शिक्षा ही हमें हमारा विकास कर आगे बढ़ा सकती है। विशिष्ट अतिथि डायालाल पाड़वा ने आने वाले दिनों में 400 युवक-युवतियों का सम्मेलन सागवाड़ा की धरती पर आयोजित करने की बात कही। सम्मेलन का संयोजन अनीता डांगी कोटा ने किया आभार डॉ. सीताराम पाटीदार ने व्यक्त किया। सम्मेलन में केशुराम पाटीदार घाटा का गांव, हरिप्रसाद करावाडा, रविशंकर घाटा, रमणलाल घोटाद, प्रभुलाल सिलोही, गोविंदराम विराट, डायालाल घाटा का गांव, हरीश पाटीदार अम्बाडा, सुरेश पाडवा, विष्णु पाटीदार करवाड़ा, गौतम भाई ज्ञानपुर, देवीलाल कराडा व जय पाटीदार चौरासी उपस्थित थे।

## टेबल टेनिस प्रतियोगिता 25 से

**सागवाड़ा।** जिला टेबल टेनिस संघ डूंगरपुर के तत्वाधान में 25 व 26 दिसम्बर को राजकीय महिपाल उच्च माध्यमिक विद्यालय सागवाड़ा में टेबल टेनिस खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिला संघ के अध्यक्ष कुलदीप यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पुरुष एकल, महिला एकल, यूथ बालक एकल (अण्डर 19 ) यूथ बालिका एकल (अण्डर 19 ), जूनियर बालक एकल (अण्डर 17 ), जूनियर बालिका एकल (अण्डर 17 ), सब - जूनियर बालक एकल (अण्डर 15 ) एवं सब जूनियर बालिका एकल (अण्डर 15 ) के आधार पर प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 24 दिसंबर को शाम 5 बजे तक आवेदन किये जा सकते हैं । इच्छुक खिलाड़ी संपर्क कर अपनी प्रविष्ठी जमा करा सकते है।

# महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता प्रारंभ



**सागवाड़ा।** महिला महाविद्यालय सागवाड़ा में दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य दीपिका दोसी द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्राचार्य दीपिका दोसी ,उपाचार्य, वासुदेव बलाई द्वारा बालिकाओ को जीवन में खेल व उनके महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन कबड्डी में प्रथम स्थान पर मनिषा एवं दल, द्वितीय स्थान पर लक्ष्मी एवं दल रहें। खो-खो में आरती एवं दल विजेता रहे। चम्मच दौड में निर्मला डोडियार, पायल खराड़ी, कुर्सी दौड़ में कशिश पंचाल विजेता रहीं, थैला दौड में अनिता कलासुआ, प्रियंका पाटीदार एवं मेंहदी प्रतियोगिता में करीना खटीक, निर्मला डोडियार व रंगोली में खुशी सोनी, नेहा पाटीदार, योशिता सुथार का दल विजेता रहा। हस्तकला प्रतियोगिता में डिम्पल प्रजापत, रीना परमार तथा नेल आर्ट में नफिज़ा विजेता रहीं। इस अवसर पर उपाचार्य वासुदेव बलाई, अक्षय दर्जी, मोहनलाल डेंण्डौर, नरेश डेंण्डौर, हार्दिक पण्ड्या, जैनित भगत, महिपाल सिंह राठौड़, हर्षल व्यास, कल्पेश शुक्ला, भुपेश सेवक, कपिल पण्ड्या, हिरेन भगत, कृष्णकान्त भोई, केतन पण्ड्या, ऋषभ भट्ट, चाँदनी पण्ड्या, सयानी गॉधी, जुही पण्डूया, हिरल मेहता, जिज्ञासा व्यास, मिनल सुथार, मैत्रयी भगत, संगीता पण्ड्या, सुषमा जोशी, ममता सेवक, पल्लवी सुथार सहित सभी संकाय के प्राध्यापका उपस्थित रहे।

# देवीलाल बने पंचाल समाज सागवाडा के अध्यक्ष



**सागवाड़ा।** श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चुनाव कर पंचाल समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।कार्यकारिणी में अध्यक्ष तथा केंद्रीय कार्यकारिणी के 6 सदस्य भी हुए निर्वाचित एवं नव निर्वाचित कार्यकारिणी का गठन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष विमलकुमार पंचाल एवं केंद्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक ताराचंद पंचाल भेहणा एवं धनेश्वर पंचाल मांडली थे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ त्रिपुरा सुन्दरी के फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथियों का माल्यार्पण व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। जिसके बाद चुनाव अधिकारी शंकरलाल पंचाल ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाया। नवीन कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से सागवाडा चौखरा अध्यक्ष देवीलाल/जवाहरलाल पंचाल सागवाडा को बनाया गया। केंद्रीय कार्यकारिणी त्रिपुरा सुंदरी ट्रस्ट मंडल के सदस्यों के रूप में सर्वसम्मति से अशोक पंचाल सागवाडा, विनोद पंचाल परतापुर, मोहनलाल पंचाल गलियाकोट, मुकेश पंचाल दाहोद, शांतिलाल पंचाल आरा , जयन्तिलाल पंचाल पादरा का चयन किया गया। साथ ही स्थानीय कार्यकारिणी में विजय रतिलाल पंचाल एवं देवीलाल पंचाल पादरा उपाध्यक्ष, जयेश पंचाल महामंत्री, देवीलाल पंचाल जाली वाले कोषाध्यक्ष, उत्तम पंचाल सचिव, हार्दिक पंचाल पादरा शिक्षा एवं सांस्कृतिक प्रभारी, अशोक पंचाल संगठन मंत्री, तुलसीराम पंचाल समाज सुधार प्रभारी एवं स्थानीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में राजेंद्र पंचाल, मुकेश पंचाल, भगवती पंचाल कडलावाला को चुना गया। चुनाव अधिकारी शंकरलाल पंचाल ने चौखरा अध्यक्ष व सभी नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई एवं सभी चयनित सदस्यों और अध्यक्ष का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शंकरलाल पंचाल ने किया व आभार महामंत्री विजय रतिलाल पंचाल द्वारा व्यक्त किया गया। वहीं केदारेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करके आरती की गई और प्रसाद ग्रहण किया गया।

## राज्य सरकार के जनसेवा तीन वर्ष प्रभारी मंत्री भाटी ने किया जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ

**डूंगरपुर।** राज्य सरकार के जनसेवा के तीन वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री उर्जा (स्वतंत्र प्रभार), जल संसाधन इंदिरा गांधी नहर परियोजना एवं जल संसाधन (आयोजना) विभाग राजस्थान सरकार भंवर सिंह भाटी ने किया । इस अवसर पर 2418.576 लाख एवं 8608.4 लाख राशि के विकास कार्यो का हुआ लोकापर्ण एवं शिलान्यास के साथ ही बिछीवाड़ा में 325 भूमिहीन किसानों को पट्टा देकर लाभान्वित किया गया। समारोह का उद्घाटन प्रभारी मंत्री भंवर सिंह भाटी, विधायक डूंगरपुर गणेश घोघरा, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, जिला कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने जिला स्तरीय कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री कोरोना पीडित आर्थिक सहायता योजना में राधा मोहनलाल डबगर, कंकू देवशंकर सोवारा, शर्मीला संजय डबगर, अमृता देवी अमरी यादव, भूरी जैंतेंग परमार को प्रत्येक को एक लाख एक मुश्त तथा 1500 रूपये मासिक पेंशन से लाभान्वित किया गया।प्रभारी मंत्री भाटी एवं अतिथियों ने राज्य सरकार के द्वारा डूंगरपुर जिले को दी गई सौगात एक एएलएस एंबुलेंस लागत राशि 39.63 लाख तथा दो टू व्हीलर एंबुलेंस जिसकी लागत कुल 07.24 लाख है, को हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण किया।

# दुकान से 30 हजार रुपये चोरी की वारदात का खुलासा

## चितरी पुलिस की कार्यवाही, अक्टूबर माह में दुकान से चुराए थे रुपये



**चितरी।** चितरी थाना क्षेत्र में बड़गी में एक दुकान से 30 हजार रुपये चोरी करने वाले आरोपी को चितरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साडियों की एक दुकान से अक्टूबर माह में रुपये चुराए थे। थानाधिकारी गोविंद सिह चौहान ने बताया कि प्रार्थी डूंगरसिंह पिता किशनसिंह देवडा निवासी सेनवाडा थाना गोगुन्दा जिला उदयपुर हाल बडगी ने एक रिपोर्ट पेश कर बताया था कि विगत तीन वर्षो से बडगी में साडियों की दुकान एवं व्यापार करता है। दुकान पर स्वयं एवं मेरा स्टाफ रहता है। 16 अक्टूबर 2021 को काम से सीमलवाड़ा गया था। दुकान पर स्टाफ सुमीत्रा डामोर निवासी मोरडी थी। शाम को सुमीत्रा ने फोन कर बताया की गल्ले में रूपये नही है। जिस दुकान में लगे हुए केमरे से मेरे मोबाईल पर फुटेज देखी तो कोई अज्ञात व्यक्ति दुकान में प्रवेश कर गल्ले से रूपये निकाल कर शर्ट में डालते हुए देखा गया। चोरी के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर

गोविन्द पिता नारायण हाडा मीणा उम्र 28 वर्ष निवासी मोरडी निचली थाना सदर जिला बांसवाडा को जरिये प्रोटेक्शन वारंट प्राप्त कर गिरफतार किया। पुछताछ करने पर उसने चोरी करना कबूल किया। अभियुक्त द्वारा पूर्व में वर्ष 2018, 2019 ,2020 में मौजा चितरी-बडगी में परेश पाटीदार की दुकान से तीन बार तथा जसवंत सिंह राव की दुकान से एक बार तथा नाथुलाल पाटीदार की दुकान से एक बार रूपयो को गल्ले से चुराना स्वीकार किया है। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जहां से वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में है।

# दोवड़ा में सेनेटरी पेड का वितरण



**गणेशपुर।** ग्राम पंचायत दोवड़ा में शक्ति उड़ान योजना का शुभारम्भ किया गया। दोवड़ा पंचायत समिति के प्रधान शप्रभुलाल, सरपंच कल्पना और सीडीपीओ लक्ष्मी भगोरा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीडी पीओ लक्ष्मी भगोरा ने योजना के बारे में जानकारी दी। प्रधान शप्रभु लाल और सरपंच कल्पना ने सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के लिए सजग होने के लिए प्रेरित किया। महिलाओ को सेनेटरी पेड़ उपयोग के बारे में बताया। एएनएम रमिला सुथार और चन्द्रकला ने सेनेटरी पेड़ का उपयोग और प्रबंधन पर जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रचेता ममता पाटीदार, महिला पर्यवेक्षक कलावती परमार, गीता डामोर, यूडीसी प्रकाश रोत मौजूद थी।

शोक सन्देश



अत्यंत दुःख के साथ में सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय

श्री शंकरलालजी भट्ट

S/O डायालाल जी भट्ट निवासी खडगदा का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 14.12.2021 मंगलवार को हो जाने पर हम सभी शोक संतप्त परिवारजन परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को चीर शांति प्रदान करे। जिनका शिरोवेष्टि व द्वादशा कार्यक्रम 25/12/21 शनिवार को स्वनिवास पर रखा गया है।

शोकाकुल- वर्षा देवी [पत्नी], प्रकाश भट्ट [पुत्र], अल्पा-संजय, रजनी-प्रियंक [पुत्रवधु-पुत्र], मधुदेवी-शिवशंकर, सूर्या देवी-गणेशलाल, सुशीलादेवी-बालकृष्ण [भाभी-भाई], शान्तादेवी-स्व.मोहनजी [बहन-बहनोई] एवं समस्त भट्ट परिवार खडगदा, जिला-डूंगरपुर(राज.) मो.-7737642828, 9982691252 नोटः- पत्र के अभाव में इसे ही सूचना मानें ।